# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :53/2021

तारीख दायर : 21.09.2021

अनवान

रूपा पिता रोडा जाति भील उम्र वयस्क निवासी केसुविलास तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)।

............ प्रार्थी

**बनाम**

भूमिधारी राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार बिजौलियां जिला भीलवाडा।

............ विपक्षीगण

## प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 रा0ले0रे0एक्ट

**– : आदेश : –**

**दिनांक 24/11/2021**

प्रार्थना पत्र रूपा पिता रोडा जाति भील उम्र वयस्क निवासी केसुविलास तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0) ने जरिये अभिभाषक श्री रामफूल धाकड प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि प्रार्थी की खातेदारी भूमि मौजा केसूविलास पटवार हल्का जावदा तहसील बिजौलिया की सरहद में खाता सं. 261 पर आराजी संख्या 410/15 रकबा 5–00 बीघा भूमि स्थित है। विपक्षीगण आये दिन सीमाओं को लेकर विवाद करते रहते है। अतः पत्थरगढी का आदेश प्रदान कराया जावें। साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथ पत्र संलग्न है। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया

**अतः प्रशासन गॉवों के संग अभियान–2021 में शिविर स्थान लक्ष्मीखेड़ा में पत्रावली पेश हुई हमनें पत्रावली का अवलोकन किया।**

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2074– 2077 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार/गैर खातेदार काश्तकार है। पडोसीयान के विवाद करने बाबत् शपथ पत्र संलग्न है पत्थरगढी से किसी स्वत्व पर कोई विपरित प्रभाव नहीं पडता है।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेवेन्यु एक्ट स्वीकार किया मौजा केसूविलास पटवार हल्का जावदा तहसील बिजौलिया की सरहद में खाता सं. 261 पर आराजी संख्या 410/15 रकबा 5–00 बीघा भूमि की बशामलात सभी काश्तकारान एवं पडोसीयान को सूचित करते हुए पत्थरगढी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढी शुल्क राशि 100/– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियां को लिखा जावें। भू0अ0नि0 बिजौलियां खूर्द को कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। फीस 500/– रूपये वक्त पत्थर गढी प्रार्थी मौके पर अदा करेगा। प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हों।

**आदेश सुनाया गया।**

**(सीमा तिवाड़ी)**
**उपखण्ड अधिकारी**
**बिजौलिया**

प्रशासन गांवों के संग अभियान 2021
(उपखण्ड अधिकारी)
बिजौलियां (भीलवाड़ा)

# FORM NO. III

## फर्द अहकम

(नियम 26)

अज अदालत **उपखण्ड अधिकारी** मुकाम **बिजौलियां**

......रूपा...... बनाम ......TDR......

किस्म मुकदमा – ......111-128...... नम्बर ......53...... /2021

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 21/9/2021 | प्रार्थना पत्र सीगे से बाद जांच पेश हुआ। पेरोकार हाजिर। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस मय नकल प्रार्थना पत्र जारी हों। पत्रावली वास्ते तलबी/जवाब दिनांक 12/10/2021 को पेश हों।<br><br>उपखण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां<br>प्रभारी अधिकारी<br>प्रशासन गाँवों संग अभियान-2021<br>(उपखण्ड अधिकारी)<br>बिजौलियाँ (भीलवाड़ा) | |
| 24/11/2021 | पत्रावली बन्द बस्ते से आज प्रशासन गाँवों के संग अभियान 2021 में शिविर स्थान लक्ष्मीखेड़ा में पेश हुई, पत्रावली का अवलोकन किया गया।<br>प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा 111-128 स्वीकार किया जाता है। निर्णय पृथक से लिखवाया जाकर शामिल पत्रावली किया गया, पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।<br><br>प्रभारी अधिकारी<br>प्रशासन गाँवों संग अभियान-2021<br>(उपखण्ड अधिकारी)<br>बिजौलियाँ (भीलवाड़ा) | |